**BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA**

Class 7 Hindi Assignment no 2

Answer key

पाठ - 5 (नाटक) पापा खो गए ,अपठित गद्यांश ,व्याकरण भाग-विशेषण

1)अपठित गद्याश को ध्यानपूर्वक पढ़कर विकल्प  से प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

आजकल लोग स्वास्थ्य के प्रति पहले की अपेक्षा अधिक सजग हो गए हैं। वे अपने खान-पान पर ध्यान देने लगे हैं। फल, सब्जियाँ और पौष्टिक आहार को प्राथमिकता दी जाने लगी है। साथ ही, लोग योग और व्यायाम को भी अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि महामारी के समय लोगों ने जाना कि अच्छी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) ही उन्हें बीमारियों से बचा सकती है। अब लोग समझ गए हैं कि यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

1)लोग अब पौष्टिक आहार को प्राथमिकता क्यों दे रहे हैं?
I) क्योंकि यह स्वादिष्ट होता है।
II) क्योंकि डॉक्टर ऐसा कहते हैं।
III) क्योंकि वे बीमार नहीं पड़ना चाहते।

विकल्प

A)केवल I और II

B)I.   II   III सभी

C)केवल III

✅ सही उत्तर: C

2)कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।
कथन- स्वस्थ शरीर से ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है।
कारण- केवल व्यायाम करने से ही व्यक्ति स्वस्थ रहता है।

A)दोनों सही हैं ।

B)कथन सही कारण ग़लत है ।

C) कारण सही कथन ग़लत है
✅ सही उत्तर: B

3)लेखक का क्या तर्क है कि लोग अब योग और व्यायाम करने लगे हैं?

I) क्योंकि वे खाली समय का उपयोग करना चाहते हैं।

II) क्योंकि इस से शरीर स्वस्थ रहेगा तो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

III) क्योंकि इससे शरीर मजबूत बनता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।
विकल्प

A)I और II सही है ।

B)I ,II , III सभी

C)II ,और III सही है ।

✅ सही उत्तर: C

2)निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों को पहचानिए और उनका प्रकार लिखिए:

वह सुंदर लड़की कविता पढ़ रही है।(गुणवाचक विश्लेषण)
यह मेरा बैग है।(सार्वनामिक विशेषण)
पाँच बच्चे खेल रहे ।(संख्यावाचक विशेषण)

3)रिक्त स्थानों में उपयुक्त विशेषण भरिए:

कुछ फूल बहुत महकदार हैं।

आज मौसम अच्छा है।

मेरे पास दस पेंसिलें हैं।

4)प्र-पापा खो गये पाठ से संबंधित मनुष्य को अनजान व्यक्तियों से कैसे सावधान रहना चाहिए?

उत्तर-1)अनजान व्यक्ति द्वारा दी हुई वस्तु कभी न खाना।
2)किसी सार्वजनिक स्थान पर पड़ा खिलौना या आकर्षक उपहार न उठाना।
3)अपने घर तथा नज़दीकी लोगों का पता अवश्य याद करना।
4)अपने आस-पास की गतिविधियों पर नज़र रखना।
सुनसान जगहों पर अकेले न जाना।

5)वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए
क) दुष्ट आदमी कब आया था?
-जब सभी मिलकर नाच में भाग ले रहे थे तब दुष्ट आदमी आया था।
ख)नाच के बीच में कौन आता है?
-दुष्ट आदमी
ग)पेड़ के पीछे कौन छिप जाता है?
-लड़की
घ)फुटपाथ पर सबसे पहले कौन था?
-पेड़